दैनिक भास्कर

**P&G, गोदरेज, ईनो, विक्स और मसालों की नकली खेप जब्त:क्राइम ब्रांच की कार्रवाई: अहमदाबाद से लाकर भोपाल की दुकानों में बेचा जा रहा था माल**



शहर में नकली ब्रांडेड उत्पादों के बड़े नेटवर्क का खुलासा करते हुए क्राइम ब्रांच ने करीब 10 लाख रुपए कीमत का नकली दैनिक उपयोग का सामान जब्त किया है। कार्रवाई में सोहेल उर्फ रिहान (34) निवासी करोंद को गिरफ्तार किया गया है।

आरोपी के कब्जे से ब्रांडेड कंपनियों के नाम से तैयार किए गए सर्फ, शैंपू, फेस क्रीम, विक्स वेपोरब, ईनो, हेयर ऑयल, एवरेस्ट मसाले समेत बड़ी मात्रा में नकली उत्पाद बरामद हुए हैं।

Source: https://www.bhaskar.com/g/local/mp/bhopal/news/bhopal-crime-branch-fake-branded-products-seized-ahmedabad-racket-138500503.html